दिनांकः 27.04.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने **मन की बात** कार्यक्रम में कहा–पहलगाम नरसंहार के दोषियों और षड्यंत्रकारियों को कड़ा जवाब दिया जाएगा–पीड़ित परिवारों को न्याय का आश्वासन दिया।
- प्रधानमंत्री ने खेती में नवाचारों के लिए किसानों की सराहना की–राजस्थान के लीची उत्पादक जितेन्द्र सिंह राणावत का जिक्र किया।
- राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए ने पहलगाम आतंकी हमले के मामले में सबूतों की तलाश तेज़ की।
- प्रदेश में कई स्थानों पर लू का प्रकोप–कल से अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री बढ़ोतरी के आसार।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 121वें एपीसोड में आज पहलगाम हिंसा, देश की अंतरिक्ष क्षेत्र की उपलब्धियां, अन्नदाताओं की मेहनत, विश्व पटल पर भारत का मान बढ़ाने सहित कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किये। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम में श्री मोदी ने अपने संबोधन में सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले पर गहरा शोक जताया। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक पीड़ितों के साथ है और इस हमले का करारा जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की अपील की।

-----------

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज ग्लोबल स्पेस पॉवर बन चुका है। श्री मोदी ने कहा कि देश ने स्पेस सेक्टर को निजी क्षेत्र के लिए भी खोल दिया है और आज बहुत से युवा स्पेस स्टार्टअप से जुड़े हैं।

-----------

प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि ये पर्यावरण की दिशा में बड़ा कदम है। श्री मोदी ने खेती में नवाचारों की चर्चा करते हुए किसानों की नई सोच की सराहना की। उन्होंने राजस्थान के किसान जितेन्द्र सिंह राणावत का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने लीची उगाने में सफलता हासिल की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये उदाहरण बड़ा प्रेरित करने वाला है। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने दिवंगत वैज्ञानिक डॉ. कस्तूरीरंगन के योगदान को भी याद किया। म्यामार में आए भूकम्प के बारे में बाते करते हुए उन्होंने **ऑपरेशन ब्रह्मा** पर भारत की भूमिका पर प्रकाश डाला।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर सुना गया। प्रदेश भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इसे सामूहिक रूप से सुना। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुंबई एयरपोर्ट पर 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रेरणादायक कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत की विकास यात्रा का चित्रण करते हैं। इसके साथ ही समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहन मिलता है।

000

**राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए** ने गृह मंत्रालय के आदेश के बाद पहलगाम आतंकी हमले की जांच औपचारिक रूप से शुरू कर दी है। एनआईए की टीमें घटना के बाद से ही मौके पर हैं और उन्होंने सबूतों की तलाश तेज कर दी है। एनआईए ने कहा है कि आईजी, डीआईजी और एसपी रैंक के अधिकारियों की निगरानी में कई दल काम कर रहे हैं। ये दल हमले के समय वहां मौजूद लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। इसे हाल ही के वर्षों में कश्मीर में हुए सबसे गंभीर आतंकी हमलों में से एक माना जा रहा है।
कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने आज जयपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पूरा देश एकजुट है। आतंकियों को मुहतोड़ जवाब देना चाहिए।

-----------

पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रदेश में पुलिस अलर्ट मोड पर है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी सतर्कता बरती जा रही है। आज सवाईमाधोपुर, झालावाड, जालौर, हनुमानगढ़ और पाली सहित कई जिला कलेक्टर्स ने वीसी माध्यम से बैठक की। इस दौरान पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को पुख्ता मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

000

राज्य सरकार ने वित्तीय प्रशासन में पारदर्शिता, दक्षता और जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। इसके लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये हैं। और ब्यौरा समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी सालेहा गाजी से।

-----------

000

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर जारी सेना के आधुनिकीकरण के लिए बैंक खाता खोलने के संदेश को भ्रामक बताया है। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चैक यूनिट ने इस संदेश को पूरे तरीके से गलत बताया है। पीआईबी ने कहा है कि सरकार ने युद्ध में जान गंवाने वाले आतंकी कार्यवाहियों में घायल सैनिकों को तत्काल वित्तीय सहायता देने के लिए कोष की स्थापना की है। इसका इस्तेमाल सेना के आधुनिकीकरण या हथियार खरीदने के लिए नहीं किया जाएगा।

000

प्रदेश में आज झालावाड, चूरू, बाड़मेर और बालोतरा सहित कई स्थानों पर प्रचंड गर्मी और लू का असर रहा। बीते 24 घंटों में बाडमेर में अधिकतम तापमान 43 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस मापा गया। इसके अलावा, धौलपुर, जैसलमेर, फलौदी, बीकानेर और श्रीगंगानगर में भी पारा 43 डिग्री सेल्सियस के पार रिकॉर्ड हुआ।

मौसम विभाग के अनुसार कल से अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री बढ़ोतरी होने के आसार हैं। जोधपुर तथा बीकानेर संभाग के कुछ भागों में तापमान 44 से 46 डिग्री के बीच रहने की संभावना जताई गई है।

000

हरियालो राजस्थान अभियान के तहत प्रदेश में इस वित्तीय वर्ष में दस करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे पौधरोपण अभियान को नया आयाम मिलेगा। इसी कड़ी में कोटपूतली–बहरोड़ जिले को भी प्रशासन और वन विभाग हरा भरा बनाने में जुटा है। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि अभियान को जन सहभागिता के साथ बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाएगा।

-----------

000

पाली जिले की मेंहदी विश्व प्रसिद्ध है। जिले के सोजत और आस–पास के हजारों हैक्टेयर इलाके में मेंहदी की पैदावार होती है। सुर्ख लाल रंग की इस मेंहदी की दुनिया के कई देशों में मांग है। इन दिनों मेंहदी की कीमतों में हुई बढ़ोतरी से किसानों और व्यापारियों उत्साहित हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

-----------

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से होने वाली प्राध्यापक विद्यालय प्रतियोगी परीक्षा–2024 के लिए कल से आवेदन पत्र भरे जा सकेंगे। आयोग ने विभिन्न विषयों के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए अलग–अलग तारीखों पर लिंक खोलने का फैसला किया है।

वहीं कांस्टेबल भर्ती 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया भी कल से शुरू होगी। ये आवेदन 17 मई तक ऑनलाइन भरे जा सकते हैं। इसके माध्यम से कांस्टेबलों के 9 हजार 617 खाली पदों पर भर्ती की जाएगी।

इस बीच, आज राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की मेडिकल ऑफिसर परीक्षा आज जयपुर में विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित की गई इसके जरिए 1 हजार 700 पदों पर भर्ती की जाएगी।

000

परशुराम जयंती 30 अप्रेल को मनाई जाएगी। इस उपलक्ष में आज भरतपुर में वाहन रैली निकाली जा रही है। कोटा और उदयपुर में भगवान परशुराम के प्राकट्य महोत्सव के तहत शोभायात्रा निकाली जा रही है। वहीं पाली में रक्तदान और निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया।

000

बीकानेर के स्थापना दिवस के उपलक्ष में चार दिवसीय समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक और सम्मान कार्यक्रम रखे गए हैं। शहर में दुर्लभ और विंटेज रेडियो सेट्स की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है। वहीं आज से "मेरा शहर, मेरा गौरव" कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मुख्य समारोह 29 अप्रेल को आयोजित किया जाएगा।

000